**3. कोरोना वायरस ( कोविड-19 ) के बढ़ते प्रकोप पर चिंता व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखिए।**

उत्तर—

प्रति,

स्वास्थ्य मंत्री

मध्यप्रदेश शासन

भोपाल (म. प्र.)।

**विषय**—कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप से अवगत कराने बाबत्।

महोदय,

मैं आपका ध्यान मध्यप्रदेश में बढ़ रहे कोविड-19 के प्रकोप की ओर आकर्षित कराना चाहता हूँ। आप इस तथ्य से पूर्ण रूपेण अवगत हैं कि लगभग पाँच माह पूर्व से राज्य इस भयानक महामारी से जूझ रहा है, अब तक हजारों मौतें हो चुकी हैं। चारों तरफ इससे लोग भयभीत हैं। भोपाल शहर में तो अब लगभग प्रत्येक 10 व्यक्ति में एक संक्रमित निकल रहा है। लोगों की लापरवाही और अज्ञानता इस बीमारी को खुला निमंत्रण दे रही है। अभी-भी इतनी सख्ती के बाद भी लोग बिना मास्क के घूमते हुए दिखाई देते हैं। प्राइवेट अस्पतालों में मनमाना धन लूटा जा रहा है।

Scanned with CamScanner

महोदय जी से मेरी विनम्र प्रार्थना है कि गली-मुहल्ले को सेनिटाइज़ करने की उचित व्यवस्था की जाए। बिना मास्क के कोई भी आवश्यक वस्तुएँ भी लोगों को न दी जाएँ। हर दुकान, पेट्रोल पंप, मेडिकल, सब्जी बाजार इत्यादि में मास्क की अनिवार्यता के साथ जागरुकता हेतु भी कदम उठाये जाएँ। आशा है आप समुचित कार्यवाही हेतु विभागों को आदेश जारी करेंगे।

सधन्यवाद!

भवदीय

क ख ग

Scanned with CamScanner

9. आपके मुहल्ले में आये दिन चोरियाँ हो रही हैं, उनकी रोकथाम के लिए थानाध्यक्ष को गश्त बढ़ाने हेतु पत्र लिखिए।

उत्तर—

मुहल्ला सुधार समिति

यादव कॉलोनी, जबलपुर (म. प्र.)

थानाध्यक्ष

यादव कॉलोनी थाना

जबलपुर (म. प्र.)।

**विषय**—पुलिस गश्त बढ़ाने हेतु निवेदन।

महोदय,

मैं इस पत्र के माध्यम से आपका ध्यान आपके थाने के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र यादव कॉलोनी की ओर दिलाना चाहता हूँ। पिछले कुछ दिनों से यहाँ चोरी की घटनाएँ निरंतर बढ़ती जा रही हैं। अभी परसों की ही बात है, कुछ चोरों ने दिन में ही हमारे पड़ोसी के घर का ताला तोड़कर उनके घर का सारा कीमती सामान लेकर रफूचक्कर हो गये। इस घटना से कुछ दिन पहले हमारे पास की गली के एक और घर का ताला टूट गया। इसी तरह दिन दहाड़े भरे-बाजार में एक औरत के गले की सोने की चेन कुछ गुंडों ने छीन ली। पार्क में भी कुछ लोग जुआ खेलते हैं और सूनी सड़क और मौका देखकर आने जाने वालों को शिकार बनाते हैं। गली में खड़ी हुई कार के स्टीरियों तथा स्कूटरों की स्टेपनी की चोरी तो रोजमर्रा की बात है। यहाँ कुछ लोग चरस, अफ़ीम, गांजा जैसे नशीले पदार्थ भी चोरी छिपे बेचते हैं।

यहाँ पुलिस का केवल एक सिपाही गश्त लगाता है, कभी-कभी वह भी नहीं आता। आपसे विनम्र प्रार्थना है कि आप यहाँ पर गश्त बढ़ा दीजिए। तीन-चार सिपाहियों की लगातार गश्त से इन असामाजिक तत्वों का साहस नहीं होगा। पुलिस-गाड़ी का भी एक चक्कर इस कॉलोनी में आवश्यक है। हमें आशा है कि आप हमारी परेशानी को समझेंगे और समुचित सुरक्षा का प्रबंध करेंगे। आपके इस कार्य के लिए यहाँ के सभी नागरिक आपके आभारी रहेंगे।

धन्यवाद।

भवदीय

प्रतीक महापात्र

Scanned with CamScanner

**10. जबलपुर नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखकर उनसे अपने मोहल्ले की सफाई कराने का अनुरोध कीजिये।**

उत्तर—

सेवा में,

स्वास्थ्य अधिकारी

नगर निगम, जबलपुर (म. प्र.)।

**विषय**—मोहल्ले की सफाई करवाने के संबंध में।

महोदय,

मैं आर्या त्रिपाठी, संतोषी नगर की रहवासी हूँ तथा आपका ध्यान अपने मोहल्ले की सफाई संबंधी समस्याओं की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूँ। हमारे क्षेत्र में नगर निगम का जो सफाई कर्मचारी है विगत 7-8 दिनों से नहीं आ रहा है। चारों तरफ गंदगी फैली है। यहाँ आसपास कचरा डालने के लिये कूड़ादान भी नहीं है। नालियों की गंदगी से चारों तरफ दुर्गंध फैल रही है और मच्छर तथा मक्खियाँ भी अधिक पनप रहे हैं। इससे डेंगू, मलेरिया आदि बीमारी के होने का खतरा बढ़ गया है।

मोहल्ले का वातावरण इतना दूषित हो गया है कि घर से निकलना दूभर हो गया है। कुछ समय में वर्षा प्रारंभ हो जायेगी, उस समय की भयावह स्थिति की कल्पना अत्यन्त दुखदायी है।

Scanned with CamScanner

अतः आपसे अनुरोध है कि आप यथाशीघ्र मोहल्ले का निरीक्षण करें व नियमित सफाई का प्रबंध करवाने का कष्ट करेंगे।

धन्यवाद

आर्या त्रिपाठी व समस्त रहवासी

ब्लॉक डी, संतोषी नगर

जबलपुर (म. प्र.)

दिनांक— 15-09-20.......

Scanned with CamScanner

**12. परीक्षा काल में ध्वनि विस्तारक यंत्र पर रोक लगाने हेतु जिलाधीश को एक प्रार्थना पत्र लिखिये।**

उत्तर—

प्रति,

जिलाधीश महोदय,

जबलपुर (म. प्र.)।

**विषय**—परीक्षा काल में ध्वनि विस्तारक यंत्र पर रोक लगाने हेतु प्रार्थना पत्र।

महोदय,

विनम्र निवेदन है कि आजकल बोर्ड की परीक्षाएँ चल रही हैं। हम सभी अपनी-अपनी परीक्षा की तैयारी में अध्ययनरत हैं। आजकल शहर में जोर-जोर की आवाज में लाउडस्पीकर बजते रहते हैं। जिससे हम लोगों के अध्ययन में व्यवधान पड़ता है। कृपया शहर में परीक्षा अवधि में लाउडस्पीकर बजाने पर प्रतिबंध लगाकर हमारी समस्या का समाधान करने का कष्ट करेंगे। हम आपके बहुत आभारी रहेंगे।

धन्यवाद

प्रार्थीगण

शास. उ. मा. वि.

पाटन (जबलपुर)

दिनांक— 15-04-20......

Scanned with CamScanner

1. सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश, भोपाल को दसवीं बोर्ड परीक्षा की अंकसूची की द्वितीय प्रति प्राप्त करने हेतु एक आवेदन-पत्र दीजिए।

**उत्तर—**

सेवा में,

सचिव,

माध्यमिक शिक्षा मण्डल,

भोपाल (म.प्र.)

**विषय**—अंकसूची की द्वितीय प्रति मँगाने के संबंध में।

महोदय,

निवेदन है कि मेरी हाईस्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा 2015 की अंकसूची खो गई है। शासकीय सेवा में भर्ती हेतु मुझे अंकसूची की द्वितीय प्रति की अत्यंत आवश्यकता है। अंकसूची की द्वितीय प्रति हेतु निर्धारित शुल्क रुपये 35/- का बैंक ड्रॉफ्ट क्र. 564301 दिनांक 5-2-20... यूको बैंक भोपाल का आपके नाम से भेज रहा हूँ।

कृपया अविलंब अंकसूची की द्वितीय प्रति भेजने का कष्ट करें।

संपूर्ण विवरण निम्नानुसार है—

1. **नाम**—शिरीष कौशिक
2. **पिता का नाम**—श्री आनंद कौशिक
3. **अनुक्रमांक**—4114225
4. **परीक्षा केन्द्र**—शास. उ. मा. वि., भोपाल
5. **केन्द्र क्रमांक**—74408
6. **नियमित/स्वाध्यायी**—नियमित
7. **परीक्षा का नाम**—हाईस्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा 2015

Scanned with CamScanner

8. संलग्न —बैंक ड्राफ्ट 35/-

9. पूरा पता—शिरीष कौशिक, बंसल सॉ मिल के समीप भोपाल, जिला-भोपाल (म.प्र.)

धन्यवाद।

विनीत

शिरीष कौशिक

दिनांक—06-06-20...

Scanned with CamScanner

**17. आप राहुल शुक्ला हैं, आपके मित्र ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है उसे बधाई देते हुए एक पत्र लिखिए।**

उत्तर—

परीक्षा भवन

............ केन्द्र,

............ नगर,

25 अप्रैल, 20...

प्रिय मित्र आलोक,

सप्रेम नमस्कार !

कल दसवीं बोर्ड परीक्षा का परीक्षाफल घोषित हुआ और 'नवभारत' दैनिक पत्र में तुम्हारी इस शानदार सफलता के विषय में जानकर अपार हर्ष हुआ। यह तुम्हारी मेहनत व लगन का ही फल है कि तुमने यह सफलता अर्जित की है। सच ! आलोक, तुमने अपने परिश्रम से न केवल माता-पिता, विद्यालय वरन् नगर को भी गौरवान्वित किया है। तुम्हारी इस सफलता पर मैं कितना खुश हूँ ये शब्दों में नहीं बता सकता।

ईश्वर से मेरी प्रार्थना है कि भविष्य में भी तुम इसी तरह सफलता प्राप्त करते रहो तथा जीवन में उन्नति करो। मेरी शुभकामनाएँ सदैव तुम्हारे साथ है। आदरणीय अंकल जी व आंटी जी को प्रणाम तथा अनुज अंकुल को स्नेहाशीष। पत्र की प्रतीक्षा में।

तुम्हारा मित्र

राहुल शुक्ला

Scanned with CamScanner

रोहित शर्मा

**8. सड़कों पर होने वाली दुर्घटना से बचाव के लिए परिवहन विभाग के सचिव को पत्र लिखिए।**

**उत्तर**—

परीक्षा भवन,

दिल्ली।

**दिनांक** 14 अप्रैल, 20.....

सेवा में,

श्रीमान् सचिव महोदय,

परिवहन मंत्रालय

नई दिल्ली।

**विषय**—सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव तथा सुझाव देने हेतु पत्र।

महोदय,

मुझे यह कहते हुए अत्यन्त खेद हो रहा है कि विभाग की लापरवाही के कारण सड़कों पर अत्यधिक दुर्घटना हो रही

Scanned with CamScanner

है। वाहन चालक यातायात के नियमों का खुला उल्लंघन करते हैं। उन्हें रोकने–टोकने वाला कोई नहीं है। दुर्घटनाओं को रोकने के संबंध में मैं निम्नलिखित सुझाव देना चाहता हूँ—

(i) प्रात: 8 से 12 बजे तथा सायं 5 से 8 बजे तक सभी व्यस्त चौराहों पर यातायात पुलिस के सिपाही उपस्थित रहें और ये नियम का उल्लंघन करने वालों का चालान करें।

(ii) वाहन चलाते हुए मोबाइल से बात करने वालों का तुरंत चालान कर देना चाहिए।

(iii) दो बार से अधिक कोई भी नियम भंग करने वाले चालक का ड्राइविंग लाइसेंस जब्त कर लिया जाना चाहिए।

(iv) ऐसे वाहन चालकों को पुरस्कृत किया जाना चाहिए, जो अपने वाहन को निर्धारित गति सीमा में चलाते हों तथा किसी प्रकार के नियम भंग न करते हों।

(v) जनता से ऐसे वाहन चालकों के वाहन नंबर नोट करके यातायात पुलिस को देने की अपील करनी चाहिए, जो सड़क पर वाहन चलाते समय नियमों का उल्लंघन करते हों।

धन्यवाद।

भवदीय

राजेश मिश्रा

8. सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल

Scanned with CamScanner